# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
## मध्यप्रदेश

फोन क्र. 0755 – 2527161 ई–मेल – STOMP@rntcp.org

क्र. 8/टी.बी./एफ–F13"B"/20/1151 भोपाल, दिनांकः 17/11/2020

प्रति,

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
मध्यप्रदेश।

विषयः– जिला क्षय अधिकारी एवं समस्त टी.बी. कर्मचारियों की ड्यूटी केवल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में लगाये जाने के संबंध में।

संदर्भः– अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, म.प्र. का पत्र पृ.क्र.8/टी.बी./एफ–/20/678, दिनांक 21.08.2020.

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि, पूर्व में भी आपको राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत जिला क्षय अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी अन्य कार्यक्रम में न लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, इसके उपरान्त भी, आपके द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत जिला क्षय अधिकारी एवं एन.टी.ई.पी. कर्मचारियों की ड्यूटी अन्य कार्यक्रम में लगाई जा रही है, जिसका विपरीत प्रभाव राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों पर पड़ रहा है, जिसके कारण टी.बी. मरीजों को निरंतर स्वास्थ्य सुविधाए विलम्ब से उपलब्ध हो पा रही है, तथा राज्य की उपलब्धियाँ लगातार न्यूनतम हो रही है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुये राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों में वृद्धि लाने हेतु जिला क्षय अधिकारी एवं समस्त टी.बी. कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से अन्य कार्यक्रम से कार्यमुक्त कर केवल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में ही लगाई जाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
मध्यप्रदेश

पृ.क्र. 8/टी.बी./एफ–F13"B"/20/1140 भोपाल, दिनांकः 17/11/2020

**प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल, म.प्र.।
2. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, भोपाल, म.प्र.।
3. समस्त क्षेत्रीय संचालक, संभागीय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.।
4. समस्त कलेक्टर, म.प्र.।
5. समस्त जिला क्षय अधिकारी, म.प्र.।
6. Web Division Incharge, IT Cell, 4th Floor स्थानीय कार्यालय की ओर उक्त आदेश अपलोड करने हेतु।

आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
मध्यप्रदेश